Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to give aid to grievous farmers affected by heavy rains in Maharashtra.

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : सर, यह मुद्दा माननीय श्री कृपाल बालाजी तुमाने जी ने और आदरणीय सुप्रिया सदानंद सुले जी ने उठाया है । महाराष्ट्र में भारी बेमौसमी वर्षा होने की वजह से सारे किसान परेशान हो चुके हैं । एसडीआरएफ और एनडीआरएफ में सुधार होने की आवश्यकता है । केन्द्र सरकार की कई टीमें महाराष्ट्र में हमारे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग में गईं । उन्होंने जाकर वहां का हाल देखा, लेकिन आज तक कोई भी मदद नहीं हो सकी है ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में भारी वर्षा से परेशान हुए किसानों की जल्दी से जल्दी मदद की जाए । धन्यवाद ।